प्रेस विज्ञप्ति

चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना

चिरेका में "ओपन चेस टूर्नामेंट सह आमंत्रण चैंपियनशिप" का आयोजन

प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को मिला पुरस्कार

चित्तरंजन,28.07.2025 :

चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) रेल नगरी स्थित डी वी गर्ल्स स्कूल में 27 जुलाई 2025 को "ओपन चेस टूर्नामेंट सह आमंत्रण चैंपियनशिप "का सफल आयोजन किया गया। चिरेका खेल कूद संगठन द्वारा आयोजित ओपन चेस टूर्नामेंट सह आमंत्रण चैंपियनशिप खेल प्रतियोगिता में शतरंज खेल के महारत खिलाड़ियों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। आयोजित चेस प्रतियोगिता में मुख्य रूप से कर्मचारी, इनके आश्रित और विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभागी के रूप में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

मुख्य अतिथि श्री विजय कुमार,महाप्रबंधक सह संरक्षक/ चिरेका खेल कूद संगठन के कर कमलों द्वारा

विभिन्न विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

इस पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान चिरेका खेलकूद संगठन के पदेन सचिव श्री रविंद्र प्रसाद सह मुख्य सामग्री प्रबंधक ट्रैक्शन मोटर सहित अन्य विभागों के प्रधान अध्यक्ष भी मौजूद थे।

सेवा में,

समाचार संपादक जनसंपर्क विभाग, चिरेका/ चित्तरंजन द्वारा जारी है.